# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने काशी विश्वनाथ के दर्शन कर यूपी के विकास को सराहा



हर हर महादेव का जयघोष करता जापान से आया प्रतिनिधिमंडल। स्रोत मंदिर प्रशासन

**वाराणसी।** यामानाशी प्रिफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में भारत आए उच्चस्तरीय जापानी प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। इसके साथ ही यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 के तहत प्रतिनिधिमंडल का चार दिवसीय दौरा संपन्न हुआ।

करीब 240 सदस्यीय जापानी दल के प्रमुख 15 सदस्यों ने सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर प्रशासन ने जापानी अतिथियों का रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। भारी संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद सुगम दर्शन और प्रभावी क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था की जापानी दल ने सराहना की। गवर्नर नागासाकी ने उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूपी और यामानाशी प्रिफेक्चर के बीच सहयोग को दीर्घकालिक रूप से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन सिस्टम समेत ऊर्जा और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा जताई।

इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने सारनाथ की आध्यात्मिक और बौद्ध विरासत का अनुभव किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि काशी और सारनाथ का भ्रमण भारत-जापान के सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन संबंधों को नई मजबूती देगा। ब्यूरो